भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4499

28 मार्च, 2023 को उत्तरार्थ

विषय: धान का कृषिगत क्षेत्र

4499. श्री दिलीप शइकीया:

क्या **कृषि एवं किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में धान की कृषिगत भूमि का कुल क्षेत्रफल कितना है और असम सहित उत्तर-पूर्व क्षेत्रों में तत्संबंधी रकबा कितना है;

(ख) क्या हाल के वर्षों के दौरान मानसून की अनिश्चितता के कारण असम सहित उत्तर-पूर्व क्षेत्रों में धान की खेती और उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा असम सहित देश के कई हिस्सों में सामान्य मानसून के दौरान बहुत कम वर्षा के कारण उत्पन्न हुए संकट से निपटन के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री

(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) से (ग): फसल का उत्पादन विभिन्न कारकों जैसे मौसम की चरम स्थितियां, वर्षा,कृषि-जलवायु स्थिति, मृदा का प्रकार, सिंचाई सुविधाएं, बोई गई फसलों के प्रकार, उर्वरकों और कीटनाशकों का उपयोग, बुआई मौसम की लंबाई, उपयोग की गई प्रौद्योगिकी इत्यादि पर निर्भर करता है। विगत 3 वर्षों अर्थात् 2019-20 से 2021-22 के दौरान उत्तर पूर्व क्षेत्र सहित देश में धान (चावल के संदर्भ में) के तहत क्षेत्र और उत्पादन का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

(घ): कृषि एवं किसान कल्याण विभाग (डीएएंडएफडब्ल्यू) सूखा, ओलावृष्टि, कीट प्रकोप और शीतलहर/ठंड से आवश्यक राहत उपायों का समन्वय करता है। प्राकृतिक आपदाओं के मद्देनजर आवश्यक राहत उपाय प्रदान करने के लिए मुख्य रूप से राज्य सरकार जिम्मेदार है। राहत उपायों के लिए राज्य सरकार के पास राज्य आपदा मोचन कोष (एसडीआरएफ) के रूप में धनराशि उपलब्ध है। गंभीर प्रकृति की प्राकृतिक आपदाओं के लिएराज्य सरकार से प्राप्त ज्ञापन के आधार परएसडीआरएफ के ऊपरराष्ट्रीय आपदा मोचन कोष से, निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार, अतिरिक्त सहायता अनुमोदित की जाती है।

अनुबंध

दिनांक 28.03.2023 को देय लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4499 (क) से (ग) के उत्तर के संबंध में उल्लिखित अनुबंध

देश में उत्तर पूर्व क्षेत्र सहित धान (चावल के संदर्भ में) के तहत क्षेत्र और उत्पादन

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	क्षेत्र ('000 हेक्टेयर)			उत्पादन ('000 टन)		
	2019-20	**2020-21**	**2021-22**	**2019-20**	**2020-21**	**2021-22**
अरुणाचल प्रदेश	133.50	133.77	136.48	244.73	247.08	252.38
असम	2290.52	2360.47	2353.26	4984.63	5214.76	4382.14
मणिपुर	175.60	225.77	200.03	385.50	602.15	567.37
मेघालय	110.98	107.60	108.49	303.44	295.85	297.32
मिजोरम	35.21	35.25	34.91	60.01	62.19	60.87
नागालैंड	216.95	218.81	122.08	363.31	367.39	150.67
सिक्किम	8.69	8.70	8.61	16.14	16.19	16.03
त्रिपुरा	267.34	263.79	255.74	810.24	803.12	810.95
कुल उत्तर पूर्वी क्षेत्र	**3238.78**	**3354.15**	**3219.60**	**7168.00**	**7608.73**	**6537.72**
अखिल भारत	**43662.30**	**4568.69**	**46278.68**	**118870.32**	**124368.32**	**129471.42**

*****